## संपादकीय

# कानून की कसौटी पर

आईएनएक्स मीडिया मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम को पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था। सीबीआई ने मीडिया कंपनी आईएनएक्स मीडिया के खिलाफ 15 मई, 2017 को एक एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि इस मीडिया ग्रुप को 305 करोड़ रुपये का विदेशी फंड दिलाने के लिए फॉरेन इनवेस्टमेंट प्रमोशन बोर्ड (एफआईपीबी) की मंजूरी प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गईं। साल 2007 में जब कंपनी को निवेश की स्वीकृति दी गई थी तब चिदंबरम वित्त मंत्री हुआ करते थे। उनकी ओर जांच एजेंसियों की नजर आईएनएक्स मीडिया के प्रमोटरों इंद्राणी मुखर्जी और पीटर मुखर्जी से ईडी की पूछताछ के बाद घूमी।

ईडी ने इस संबंध में 2018 में मनी लॉड्रिंग का एक मामला भी दर्ज किया था। उसके आरोपपत्र के मुताबिक इंद्राणी मुखर्जी ने जांच अधिकारियों को बताया कि चिदंबरम ने एफआईपीबी मंजूरी के बदले अपने बेटे कार्ति चिदंबरम को विदेशी पूंजी के मामले में मदद करने को कहा था। चिदंबरम और उनके बेटे के खिलाफ जांच शुरू होने के साथ ही मामले को राजनीतिक रंग दिया जाने लगा। तब से अब तक कांग्रेस खुलकर चिदंबरम के साथ खड़ी है और सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगा रही है। पार्टी के अलावा कुछ और लोगों का भी जांच प्रक्रिया को लेकर एक ऐतराज यह रहा है कि केस 10 साल बाद 2017 में रजिस्टर किया गया। केस का आधार उस महिला का बयान है, जो अपनी बेटी की हत्या के आरोप में जेल में बंद है और उसके खिलाफ मुकदमा चल रहा है। सीबीआई अभी तक इस मामले में चार्जशीट भी फाइल नहीं कर सकी है। अदालत में यह आठ महीने लटका रहा। हालांकि चिदंबरम को अरेस्ट तभी किया गया जब हाई कोर्ट ने काफी कड़ी टिप्पणी के साथ उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

अदालत का कहना है कि चिदंबरम को केवल इस आधार पर गिरफ्तारी से छूट नहीं दी जा सकती कि वह संसद सदस्य हैं। कोर्ट ने यह संकेत भी दिया कि मामले की मुकम्मल जांच के लिए चिदंबरम को हिरासत में लेकर पूछताछ करना पहली नजर में जरूरी लगता है। कोर्ट का संदेश स्पष्ट है कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं। किसी व्यक्ति की हैसियत के कारण उसे जांच-पड़ताल और न्यायिक प्रक्रिया में कोई छूट नहीं मिलनी चाहिए।

लेकिन उसकी इस टिप्पणी में ही यह बात भी निहित है कि किसी व्यक्ति को सिर्फ उसके पद या पहचान के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं झेलनी चाहिए। उम्मीद है कि चिदंबरम के मामले में सब कुछ पारदर्शी रहेगा। कानून सहज ढंग से अपना काम करेगा और जल्द ही दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।

# यूजर्स की पर्सनल बातें सुनने पर 300 को काम से निकाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)। अभी कुछ दिन पहले ही एक रिपोर्ट सामने आई थी कि अमेजन का वर्चुअल असिस्टेंट अलेक्सा और गूगल असिस्टेंट यूजर्स की निजी बातें सुन रहे हैं, वहीं अब एपल के असिस्टेंट को लेकर भी इसी तरह के सवाल उठने लगे हैं।**

### » ऐपल की वर्कर्स पर बड़ी




कॉन्टैक्टर्स द्वारा सुनी जा रही इन ऑडियो क्लिप्स से यूजर्स की प्रिवेसी पर लगातार खतरा बना हुआ था। कंपनियां इन कॉन्ट्रैक्टर्स को ऑडियो क्लिप्स को रिव्यू करने के लिए हायर करती हैं ताकि वर्चुअल असिस्टेंट की ट्रांसक्रिप्शन (समझ और रिस्पॉन्स) को बेहतर किया जा सके।

इसी बीच एक खबर सामने आई है जिसमें पता चला है कि ऐपल ने ऑडियो क्लिप सुनने वाले अपने 300 कॉन्ट्रैक्टर्स को हटा दिया है। ऐपल ने अपने सीरी वर्चुअल असिस्टेंट यूजर्स की प्रिवेसी को मेनटेन रखने के लिए यह कदम उठाया है।

बता दें कि ऐपल ने जिन 300 कॉन्ट्रैक्टर्स को हटाया है वे एक शिफ्ट में एक हजार ऑडियो क्लिप्स को सुनते थे ताकि सीरी के रिस्पॉन्स और समझ को बेहतर बनाया जा सके। प्रिवेसी और डेटा लीक के बढ़ते मामले को देखते हुए ऐपल को मजबूरन सीरी को इंप्रूव करने वाले इस प्रोग्राम को रोकना पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक ये थर्ड पार्टी वर्कर ज्यादातर कैनेडियन, ऑस्ट्रेलियन और यूके इंग्लिश ऐक्सेंट को सुना करते थे।

इस बारे में ऐपल के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारा मानना है कि सभी के साथ हमें अच्छा व्यवहार करने चाहिए और सभी को वह सम्मान मिलना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। इसमें हमारे एप्लॉयीज के साथ वे सभी सप्लायर्स शामिल हैं जिनके साथ हम काम करते हैं। ऐपल कस्टमर्स की प्रिवेसी के लिए प्रतिबद्ध है इसीलिए सीरी को बेहतर करने के फैसले को अभी टाला जा रहा है। हम इसके लिए अपनी पॉलिसी पर फिर से विचार करेंगे।

इससे पहले भी ऐपल को दुनियाभर में प्रिवेसी इशू के चलते अपने चॉलिटी कंट्रोल प्रोग्राम को बंद करना पड़ा था क्योंकि एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कंपनी के थर्ड पार्टी कॉन्ट्रैक्टर सीरी यूजर्स की बातों को लगातार सुन रहे थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि ये कॉन्ट्रैक्टर्स यूजर्स के निजी पलों में की जाने वाली बातचीत को भी सुना करते थे।

# मैंने कप्तान के विश्वास को कायम रखा: रविंद्र जडेजा



**एंटीगा।** भारत और वेस्ट इंडीज के बीच चल रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा ने शानदार अर्धशतक जड़ा। शुक्रवार को खेल खत्म होने के बाद जडेजा ने मीडिया से बातचीत में कहा, जब मिडिल ऑर्डर में मैं बल्लेबाजी कर रहा था तो मेरा पूरा ध्यान साझेदारी पर था। मैं अपने खेल को लेकर थोड़ा डरा हुआ था लेकिन मैं अपना बेस्ट देने की कोशिश कर रहा था। विकेट कीपर ऋषभ पंत क्रीज पर लंबे समय तक टिकने में नाकाम रहे। इसके बाद इशांत शर्मा बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने जडेजा के साथ मिलकर 60 रनों की पारी खेली और इससे टीम इंडिया को राहत मिली। जडेजा ने कहा, मेरा ध्यान पार्टनरशिप पर था। जब ऋषभ आउट हुए, मैं इशांत से बीच में रहने और साझेदारी बनाने के बारे में बात कर रहा था। हम एक समय में एक ओवर के बारे में सोच रहे थे। उन्होंने आगे कहा, विपक्षी टीम के लिए यह अच्छा नहीं होता कि लोअर ऑर्डर के खिलाड़ी लगातार रन स्कोर करें, तो यह हमारी तरह से गेम प्लान था।

बता दें जडेजा को पहले टेस्ट के लिए आर अश्विन की जगह पर लिया गया है। कई पूर्व क्रिकेटर्स इस फैसले को लेकर नाराजगी भी जता चुके हैं। जडेजा ने कहा, निश्चित तौर पर जब आपका कप्तान आप पर विश्वास करता है और मुख्य खिलाड़ी के तौर पर देखता है, तो आप अच्छा महसूस करते हैं। किस्मत से अच्छा परफॉर्म करके मैंने उस विश्वास को कायम रखा है।

# नेशनल डोप टेस्टिंग लैब निलंबित, भारत करेगा अपील

**नईदिल्ली।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने भारत की नेशनल डोप टेस्टिंग लैब (एनडीटीएल) को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है जिससे भारत के डोपिंग रोधी कार्यक्रम को गहरा झटका लगा है।

वाडा ने एक बयान में बताया कि वाडा की जांच के दौरान एनडीटीएल की प्रयोगशालाओं को तय अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया जिसके कारण उसे निलंबित कर दिया गया है। वाडा के इस निर्णय के खिलाफ एनडीटीएल अगले 21 दिनों में खेल मध्यस्थता अदालत में अपील कर सकता है।




भारतीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने इस निलंबन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और कहा है इस निलंबन के खिलाफ अपील की जायेगी और अपील की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

एनडीटीएल देश की एकमात्र ऐसी प्रयोगशाला है जो डोप टेस्ट करती है। वाडा का कहना है कि एनडीटीएल के नमूना विश्लेषण के तरीके सटीक नहीं थे। यह निलंबन 20 अगस्त से प्रभावी हो गया है और एनडीटीएल अब किसी प्रकार की डोपिंग रोधी गतिविधि में शामिल नहीं हो पाएगी। अब नेशनल एंटी डोपिंग लैब को अपना पक्ष खेल मध्यस्थता अदालत में रखना होगा और ऐसा करने में अगर कोई चूक होती है तो निलंबन की अवधि बढ़ जाएगी।

इसका सबसे बड़ा नुकसान तो भारत की सभी खेल संस्थाओं को होगा क्योंकि अब सभी तरह के डोपिंग नमूनों को भारत के बाहर वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त एशिया की किसी लैब में भेजना होगा।

### एंटिगा टेस्ट : ईशांत के पंजे में फंसा वेस्टइंडीज

**एंटिगा।** बल्ले से उपयोगी पारी खेलने के बाद तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा (42 रन पर 5 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने यहां सर विवियन रिचर्डस स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 189 रन पर वेस्टइंडीज के आठ विकेट झटक कर उसे संकट में डाल दिया है। भारत ने पहली पारी में 297 रन का स्कोर बनाया था।

# सबसे तेज फिफ्टी वाले भारतीय पेसर बने बुमराह

**नार्थ साउंड (एंटीगा)।** जसप्रीत बुमराह सबसे कम मैचों में 50 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले तेज भारतीय गेंदबाज बने। बुमराह के शानदार प्रदर्शन से वेस्ट इंडीज पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 35 ओवर का खेल समाप्त होने के बाद चार विकेट पर 104 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।

बुमराह ने डेरेन ब्रावो (18) को पगबाधा आउट करके अपना 50वां विकेट लिया। यह उनका 11वां टेस्ट मैच है और इस तरह से उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजों में इस मुकाम पर सबसे तेज पहुंचने के वेंकटेश प्रसाद और मोहम्मद शमी (दोनों 13 टेस्ट मैच) के पिछले रेकार्ड को तोड़ दिया है।

भारत की तरफ से सबसे कम मैचों में 50 विकेट लेने का रेकार्ड अब भी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (नौ मैच) के नाम पर है। उनके बाद लेग




स्पिनर अनिल कुंबले (दस मैच) तथा नरेंद्र हिरवानी, ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह और बुमराह (तीनों 11 मैच) का नंबर आता है। वेस्ट इंडीज अब भी भारत से 193 रन से पीछे है।

खबर लिखे जाने के समय रोस्टन चेज 30 रन और शाई होप दो रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, रविंद्र जडेजा और बुमराह ने एक-एक विकेट लिया है।

भारत ने अजिंक्य रहाणे (81) के बाद जडेजा (58) के अर्धशतक से शीर्ष क्रम लड़खड़ाने के बावजूद अपनी पहली पारी में 297 रन का दमदार स्कोर बनाया।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे हफ्ते जारी रहा गिरावट का दौर

**मुंबई (आरएनएस)।** बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी जहां 11,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स 37,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर, सेंसेक्स 649.17 अंकों या 1.74 फीसदी की गिरावट के साथ 36,701.16 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 218.45 अंकों या 1.98 फीसदी की गिरावट के साथ 10,829.35 पर बंद हुआ। बीएसई के मिडकैप सूचकांक में 288.82 अंकों या 2.14 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह 13,202.08 पर बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक 398.48 अंकों या 3.17 फीसदी की गिरावट के साथ 12,186.11 पर बंद हुआ।



सोमवार को सेंसेक्स 52.16 अंकों या 0.14 फीसदी तेजी के साथ 37,402.49 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 6.10 अंकों या 0.06 फीसदी की तेजी के साथ 11,053.90 पर बंद हुआ। मंगलवार को शेयर बाजारों में गिरावट रही और सेंसेक्स 74.48 अंकों या 0.20 फीसदी की गिरावट के साथ 37,328.01 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 36.90 अंकों या 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 11,017 पर बंद हुआ।

बुधवार को वैश्विक बाजारों में बिकवाली के दवाब में सेंसेक्स 267.64 अंकों या 0.72 फीसदी की गिरावट के साथ 37,060.37 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 98.30 अंकों या 0.89 फीसदी की गिरावट के साथ 10,918.70 पर बंद हुआ। गुरुवार को लगातार तीसरे दिन शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 587.44 अंकों या 1.59 फीसदी की गिरावट के साथ 36,472.93 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 180.95 अंकों या 1.67 फीसदी की गिरावट के साथ 10,737.75 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 228.23 अंकों या 0.63 फीसदी की तेजी के साथ 37,701.48 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 88 अंकों या 0.82 फीसदी की तेजी के साथ 10,829 पर बंद हुआ।

## आज का राशिफल

मेषः- आर्थिक प्रयोजन अथवा धन निवेश के लिए शुभ दिन है, निर्धारित कार्य पूरे होंगे, आय बढ़ेगी, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। मित्रों की तरफ से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

वृषभः- प्रिय वस्तु प्राप्ति व धन लाभ के योग दिख रहे हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा, पारिवारिक वातावरण में सुधार होगा, व्यावहारिक कार्यों को निपटाने के लिए आज का दिन शुभ है।

मिथुनः- मन की एकाग्रता कम होने के कारण बेचैनी हो सकती है। शारीरिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा, धन का निवेश सोच-विचारकर करें, अत्यधिक खर्च से बचें।

कर्कः- मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर बनी हुई है। उच्च अधिकारियों से संबंध बेहतर होंगे। व्यवसाय में कार्यसफलता के साथ मित्रों से लाभ प्राप्त होगा। धन का निवेश सोचसमझकर करें।

सिंहः- मन में प्रसन्नता और शरीर में स्फूर्ति का अनुभव होगा। मान-प्रतिष्ठा और उच्च पद की प्राप्ति होगी, कार्य की व्यस्तता में दिन व्यतीत होगा। समाज में मान-प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। घरेलू कार्यों में धन अधिक व्यय हो सकता है।

कन्याः- सभी कार्यों में आप अपने भाग्य का सहयोग प्राप्त करेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में सक्रिय रहने से आनंद की प्राप्त होगी। कोई करीबी आपकी मदद के लिए आगे आएगा।

तुलाः- दिन का प्रारंभ मानसिक तनाव से हो सकता है, अतः- मन को शांत रखें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

वृश्चिकः- जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा, मित्रों के साथ यात्रा मनोरंजनपूर्वक रहेगी। भाइयों एवं स्नेहीजनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

धनुः- मान-सम्मान में वृद्धि होगी, प्रतिस्पर्द्धियों पर विजय प्राप्त होगी। अचानक मिली कोई शुभ सूचना मन को प्रफुल्लित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में भी सम्मान मिल सकता है।

मकरः- मन सृजनात्मक प्रवृत्तियों की ओर आकर्षित होगा, स्वभाव में प्रेमभाव में वृद्धि होगी, विद्यार्थियों के लिए आज का दिन शुभ है। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगी।

कुंभः- किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। माता अथवा घर की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। धन के मामले में विशेष सावधानी रखें।

मीनः- मन चिंतामुक्त रहेगा, पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। उत्साह में भी वृद्धि होगी, बुजुर्गों और मित्रों की तरफ से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं। दोपहर के बाद आपको कहीं से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है।

## स्वादिष्ट केला बेसन की सब्जी बनाने का आसान तरीका



**सामग्री :**

कच्चे केले-1, बेसन-1 कप, हींग- एक चुटकी, जीरा- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर-1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर-1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, गरम मसाला पाउडर1/2 टीस्पून, दही-1 कप, पानी-1/2 कप, नमक- स्वादानुसार, तेल-1 बड़ा टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबलस्पून (बारीक काटा), हरी मिर्च-1 कटी हुई, तेल- फ्राई करने के लिए

**विधि :**

केलों को गोल टुकड़ों में काट लें और एक मिनट तक पानी में उबाल लें। अब एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी और पानी डालकर गाढ़ा बैटर बना लें। अब केलों को बैटर में लपेट कर गरम तेल में फ्राई कर लें। अब एक कढ़ाई में तेल गरम करें और उसमें हींग व जीरा डालें।

जब जीरा चटकने लगे तब इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालकर दो सेकेंड तक भून लें। फिर इसमें दही व पानी डालकर मिक्स करें और फ्राई केले, गरम मसाला व नमक डालें और ढककर धीमी आंच पर 15-20 मिनट तक पका लें। तैयार है केला-बेसन की सब्जी। रोटी या चावल किसी के साथ भी कर सकते हैं सर्व।


## शब्द सामर्थ्य- 65

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 64 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ड़ा |
| त | ■ | ■ | स्व | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 65

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.64 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |